# 14 प्रमुख बाँध, सिंचाई परियोजनाएँ व जल संसाधन योजनाएँ

1. राजीव गाँधी जल संचय योजना कब से प्रारम्भ की गई है ?
(1) 20 अगस्त 2020 (2) 20 अगस्त 2017
(3) 20 अगस्त 2019 (4) 20 अगस्त 2018 (3)

**व्याख्या–** यह योजना के राजस्थान के सभी 33 जिलों के सभी 295 ब्लॉकों में प्रारम्भ की गई है।

2. राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना कब से संचालित की जा रही है?
(1) अक्टुबर 2019 (2) अक्टुबर 2018
(3) अक्टुबर 2020 (4) अक्टुबर 2017 (4)

**व्याख्या–** ये योजना अक्टुबर 2024 (8 वर्ष) तक संचालित रहेगी। इसमें राजस्थान के 27 जिलों की 137 सिंचाई परियोजनाओं का जीर्णोद्धार व नवीनीकरण किया जाएगा। इस परियोजना की कुल लागत 2348.87 करोड़ है।

3. निम्न में से कौनसी सिंचाई परियोजना झालावाड़ जिले में नहीं है ?
(1) गागरिन परियोजना (2) छापी परियोजना
(3) भीमसागर परियोजना (4) ल्हासी परियोजना (4)

**व्याख्या–** ल्हासी सिंचाई परियोजना बारां जिले में है।

4. मानसी–वाकल जल सुरंग किस जिले में बनाई गई है–
(1) डूँगरपुर (2) उदयपुर
(3) बाँसवाड़ा (4) चित्तौड़गढ़ (2)

**व्याख्या–** यह जल सुरंग अलसीगढ़ से उदरा घाटी तक 4.6 किमी लम्बाई में बनी है। इस जल सुरंग द्वारा मानसी वाकल नदियों का जल उदयपुर की झीलों में लाया जाता है।

5. राजस्थान का सबसे ऊँचा बाँध है–
(1) पांचना बाँध (2) जवाई बाँध
(3) जाखम बाँध (4) राणाप्रतापसागर बाँध (3)

**व्याख्या–** जाखम बाँध अनुपपुरा (प्रतापगढ़) में स्थित है। यह राजस्थान का सबसे ऊँचा बाँध है, जो 81 मीटर ऊँचा तथा 253 मीटर लम्बा है।

6. राजस्थान के लिए भौगोलिक दृष्टि से कौनसी सिंचाई परियोजनाएँ अधिक महत्वपूर्ण है?
(1) लघु सिंचाई (2) मध्यम सिंचाई
(3) वृहद् सिंचाई (4) उक्त सभी (1)

7. राजस्थान की सबसे लम्बी जल सुरंग देवास है जिसका नामकरण किसके नाम पर किया गया?
(1) भैरोसिंह शेखावत पर (2) मोहनलाल सुखाड़िया पर
(3) इन्दिरा गांधी पर (4) हरिदेव जोशी पर (2)

**व्याख्या–** इस परियोजना में आकोदड़ा बाँध से बूझड़ा तक 11.6 किमी लम्बी जल सुरंग बनाई गई है। ये पानी सुरंग द्वारा अमरझोक नदी में आता है, यहाँ से सीसारमा नदी में बहता हुआ पिछोला झील में आता है।

8. भारत का सबसे ऊँचा बाँध कौनसा है ?
(1) गोविन्द सागर (2) भाँखडा बाँध
(3) पाचना बाँध (4) टिहरी बाँध (4)

**व्याख्या–** भाखड़ा बाँध की ऊँचाई 226 मीटर ऊँचा है, जबकि टिहरी बाँध 260 मीटर ऊँचा है।

9. जवाई बाँध की जलापूर्ति के लिए उदयपुर की कोटड़ा तहसील में कौनसी परियोजना बनाई गई?
(1) जाखम बाँध (2) सेई बाँध
(3) मानसी वाकल परियोजना (4) देवास परियोजना (2)

**व्याख्या–** उदयपुर में सेई नदी पर सेई बाँध बनाया गया है, इस बाँध से जवाई बाँध (पाली) को जलापूर्ति की जाती है। सेई परियोजना पर ही जवाई बाँध में पानी लाने के दौरान 6.7 किमी लम्बी जल सुरंग बनाई गई है, जो राजस्थान की पहली जल सुरंग है।

10. जवाहर सागर बाँध किस जिले में बनाया गया है?
(1) कोटा–बूँदी (2) चित्तौड़गढ़
(3) उदयपुर, डुँगरपुर (4) बाराँ, कोटा (1)

**व्याख्या–** ध्यान रहे इस बाँध का निर्माण कोटा व बूँदी जिलों की सीमा पर किया गया है, इसका बाँया छोर बूँदी जिले में है तथा दाहिना छोर कोटा जिले में है।

11. पीपलदा लिफ्ट सिंचाई परियोजना सवाईमाधोपुर में किस नदी से निकाली गई है?
(1) चम्बल (2) पार्वती (3) कालीसिन्ध (4) बनास (1)

**व्याख्या–** इस परियोजना से सवाईमाधोपुर की खंडार तहसील को सिंचाई सुविधा प्राप्त हो रही है।

12. चम्बल घाटी परियोजना के तीसरे चरण में किस बाँध का निर्माण किया गया–
(1) राणाप्रताप सागर (2) गाँधी सागर
(3) जवाहर सागर (4) कोटा बैराज (3)

**व्याख्या–** कोटा के बोरावास गाँव के निकट बना यह बाँध एक पिकअप बाँध है। यह 1972 में बनकर तैयार हुआ था।

13. रावी–व्यास नदी जल विवाद के लिए किसकी अध्यक्षता में आयोग गठित किया गया?
(1) न्यायमूर्ति कश्यप (2) न्यायमूर्ति इरादी
(3) न्यामूर्ति के.सी. पंत (4) न्यायमूर्ति चन्द्रचूड़ (2)

**व्याख्या–** पंजाब, हरियाणा व राजस्थान राज्यों में रावी व व्यास नदियों के जल बंटवारे को लेकर हुए विवाद के बाद 24 जुलाई 1985 को राजीव लोंगोवाला समझौता हुआ था, इसी के तहत इस 26 जनवरी 1986 को इस आयोग का गठन किया गया था।

14. अजमेर जिले में जालिया ग्राम में खारी नदी पर निर्मित बाँध परियोजना कौनसी है?
(1) टोरड़ीसागर (2) नारायण सागर
(3) बीसलपुर (4) अडवान बाँध (2)

**व्याख्या–** इस बाँध की आधारशीला 31 अक्टुबर 1955 को राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने रखी थी।

15. अटल भूजल योजना कब से प्रारम्भ की गई है?
(1) 1 जनवरी 2020 (2) 1 अप्रैल 2020
(3) 20 अगस्त 2019 (4) 25 दिसम्बर 2018 (2)

**व्याख्या–** यह योजना विश्व बैंक की सहायता से संचालित है, यह योजना 5 वर्षो (2020–25) तक के लिए है। राजस्थान सरकार को पाँच वर्षो के लिए 1189.65 करोड़ की बजट राशि आवंटित की गई है।

16. शहरी घरेलू उपभोक्ताओं को मासिक 15 हजार लीटर पानी का जल शुल्क माफ करने की कौनसी योजना राजस्थान सरकार ने प्रारम्भ की है–
(1) राजीव गाँधी जल संचय योजना
(2) अटल भूजल योजना
(3) नीरांचल योजना
(4) मुख्यमंत्री राजनीर योजना (4)

**व्याख्या–** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 13 मार्च 2020 को विधानसभा में इस योजना की घोषणा की है।

17. कालीतीर लिफ्ट परियोजना किस जिले में बनाई जा रही है?
(1) बारां (2) कोटा
(3) झालावाड़ (4) धौलपुर (4)

18. जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश देने वाली कौनसी राजस्थानी फिल्म को राज्य सरकार ने प्रदेश में प्रदर्शन के दौरान स्टेट जीएसटी में छूट प्रदान की है?
(1) टर्टल (2) जोहड़
(3) काछबो (4) अंधेरी बावड़ी (1)

19. निम्न को सुमेलित कीजिए –

| जिला | परियोजना |
|---|---|
| (A) डूँगरपुर | 1. सोम कागदर परियोजना |
| (B) उदयपुर | 2. सोम, कमला, अम्बा परियोजना |
| (C) करौली | 3. इन्दिरा लिफ्ट परियोजना |
| (D) बारां | 4. गणेशगंज लिफ्ट परियोजना |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (2) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (3) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (4) | 2 | 1 | 3 | 4 |

(4)

20. सुमेलित कीजिए–

| परियोजना | जिला |
|---|---|
| (A) बीसलपुर बाँध | 1. टोंक |
| (B) सावन भादो | 2. कोटा |
| (C) पार्वती | 3. धौलपुर |
| (D) छापी परियोजना | 4. झालावाड़ |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (2) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (3) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (4) | 1 | 2 | 4 | 3 |

(1)

21. विलास परियोजना का सम्बन्ध है?
(1) कोटा (2) बूंदी
(3) बारां (4) झालावाड़ (3)

**व्याख्या–** यह परियोजना बारां जिले मानगढ़ गाँव के पास विलास नदी पर निर्मित है। यह मिट्टी निर्मित बाँध है।

22. हेमावास बाँध किस जिले में है?
(1) पाली (2) कोटा
(3) दौसा (4) भरतपुर (1)

**व्याख्या–** हेमावास बाँध बांडी नदी पर निर्मित है।

23. हरिशचन्द्र सागर बाँध स्थित है?
(1) कोटा (2) बून्दी
(3) बारां (4) झालावाड़ (4)

**व्याख्या–** इस बाँध का पुराना नाम कालीसिंध बाँध था, बाद में इसका नाम बदलकर हरिश्चन्द्र सागर कर दिया गया।

24. ईसरदा बाँध कहाँ बनाया गया है?
(1) टोंक (2) सवाई माधोपुर
(3) दौसा (4) बूंदी (2)

25. जवाई बाँध (पाली) का निर्माण किसने करवाया
(1) रामसिंह (2) जयसिंह
(3) उम्मेदसिंह (4) फर्ग्युसन (3)

**व्याख्या–** ध्यान रहे इस बाँध का निर्माण महाराजा उम्मेदसिंह ने 1946 में प्रारम्भ करवाया था, स्वतंत्रता के बाद 1956 में इंजीनियर मोतीसिंह की देखरेख में इसका निर्माण पूर्ण हुआ।

26. निम्न को सुमेलित कीजिए–

| बाँध | जिला |
|---|---|
| (A) जवाई बाँध | 1. अजमेर |
| (B) फॉयसागर | 2. भीलवाड़ा |
| (C) अजान बाँध | 3. पाली |
| (D) मेजा बाँध | 4. भरतपुर |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (2) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (3) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (4) | 4 | 1 | 2 | 3 |

(2)

27. निम्न में से असंगत को छाँटिए–
(1) आलनिया – कोटा
(2) सेई बाँध – उदयपुर
(3) गम्भीरी बाँध – भीलवाड़ा
(4) कुण्डली बाँध – राजसमंद (3)

**व्याख्या–** गम्भीरी बाँध चित्तौड़गढ़ जिले में स्थित है।

28. निम्न में से असंगत है?
(1) बैंथली परियोजना–बारां
(2) परवन वृहत् सिंचाई परियोजना–झालावाड़
(3) हिंगलोत–भीलवाड़ा
(4) पश्चिमी बनास परियोजना–सिरोही (3)

**व्याख्या–** हिंगलोत बाँध बारां जिले में है।

29. चम्बल नदी पर बने चारों बाँधों में से पहला बाँध जो राजस्थान मध्य प्रदेश सीमा पर स्थित है–
(1) राणा प्रताप सागर (2) गाँधी सागर
(3) जवाहर सागर (4) कोटा बैराज (2)

30. सुमेलित कीजिए–
(A) मोरेल परियोजना 1. झालावाड़
(B) बिलास परियोजना 2. बाराँ
(C) जग्गर परियोजना 3. सवाई माधोपुर
(D) चंवली परियोजना 4. करौली

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (2) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (3) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (4) | 3 | 2 | 1 | 4 |

(2)

31. बत्तीसा नाला सिंचाई परियोजना स्थित है–
(1) भीलवाड़ा (2) सिरोही
(3) सवाई माधोपुर (4) झालावाड़ (2)

32. टोरडी सागर बाँध किस जिले में स्थित है?
(1) टोंक (2) भीलवाड़ा
(3) अजमेर (4) कोटा (1)

**व्याख्या–** टोरडी सागर बाँध (मालपुरा, टोंक) सहोदरा नदी पर निर्मित है।

33. बांकली बाँध का निर्माण किन नदियों का पानी रोककर किया गया है?
(1) सुकड़ी व कुलथाना (2) जवाई व खारी
(3) सुकड़ी व खारी (4) लूणी व गुहिया (1)

34. 'भीखाभाई सागवाड़ा' नहर से राजस्थान का सर्वाधिक लाभान्वित जिला है–
(1) प्रतापगढ़ (2) डुंगरपुर
(3) उदयपुर (4) बाँसवाड़ा (2)

35. कालीसिंध नदी पर नवनेरा (नौनेरा) बाँध किस जिले में निमार्णाधीन है–
(1) कोटा (2) झालावाड़
(3) बारां (4) बूँदी (1)

36. 11 जनवरी, 2019 को रेणुका जी बहुउद्देशीय बाँध परियोजना हेतु समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले राज्यों का उपयुक्त समूह है–
(1) पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तरप्रदेश
(2) हरियाणा, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड
(3) राजस्थान, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, मध्यप्रदेश
(4) उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, मध्यप्रदेश, बिहार (2)

**व्याख्या–** इस परियोजना के लिए 6 राज्यों हरियाणा, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश व दिल्ली के बीच एक अनुबंध पर हस्ताक्षर हुए हैं।

37. राजस्थान में यूरोपीयन यूनियन स्टेट पार्टनशिप प्रोग्राम (EU-SPP) जिस क्षेत्र में कार्यरत है वह है–
(1) जल विद्युत उत्पादन (2) भूमि सुधार
(3) जल प्रबंधन (4) फ्लोराइड नियंत्रण (3)

38. झालावाड़ जिले में कौनसी परियोजना का निर्माण नहीं किया गया है–
(1) भीमसागर (2) सावन–भादो परियोजना
(3) छापी परियोजना (4) हरिशचंद्र सागर (2)

**व्याख्या–** सावन–भादो परियोजना का निर्माण कोटा में किया गया है।

39. निम्न में से कौन सा संयोग गलत है–
**(प्रमुख सिंचाई परियोजना) (लाभांवित जिले)**
(1) जाखम परियोजना – उदयपुर, प्रतापगढ़
(2) नर्मदा नहर परियोजना – बाड़मेर, जालौर
(3) सोम–कमला–अम्बा – डूँगरपुर, बाँसवाड़ा
(4) पांचना परियोजना –करौली, सवाईमाधोपुर, भरतपुर (3)


**व्याख्या–** सोम कमला अम्बा परियोजना से डूँगरपुर व उदयपुर जिले लाभान्वित होते हैं।


40. ईसरदा सिंचाई परियोजना किस नदी पर निर्माणाधीन है–
(1) पार्वती नदी (2) बनास नदी
(3) गम्भीर नदी (4) मोरेल नदी (2)

Lead, Read and Achieve Dhindhwal Publication

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती मुख्य परीक्षा– 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–




**धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।**